## सार समाचार

### अदानी विल्मार द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में हुआ 105 यूनिट रक्तदान



**विदिशा ( निप्र )।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अदानी विल्मार लिमिटेड विदिषा द्वारा ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय के संचालन में फैक्ट्री प्रांगण में रक्तदान षिविर संपन्न हुआ। इस षिविर में फैक्ट्री के महाप्रबंधक विकास सक्सेना, यषवंत यादव सहित अन्य कर्मचारियों द्वारा जरूरतमंद रोगियों-नागरिकों की रक्तपूर्ति हेतु 105 यूनिट रक्तदान किया गया।

### मानव श्रंखला बनाकर मतदाताओं को किया जागरूक




**नागदा( निप्र )।** जिला निर्वाचन अधिकारी व अनुविभागीय अधिकारी के आदेशानुसार एव मुख्यनपा अधिकारी सी एस जाट के मार्गदर्शन में आज प्रात:8 बजे शेषशायी कॉलेज चौराहे पर संस्था संजीवनी फाउंडेशन के सदस्यों निकाय कर्मचारियों ने मतदाता जागरूक करने के लिए हाथों में फ्लेक्स लेकर मतदाता जागरूकता के स्लोगन के साथ मानव श्रखंला बनाई व सभी ने मतदताओं को जागरूकता के नारे लगाए अपने मत अधिकार का किस प्रकार उपयोग किया जाए बताया । इस दौरान कार्यक्रम के प्रभारी श्री जितेंद्र पटेल ने बताया कि मतदाताओ जागरूक करने के लिए निरंतर नए प्रयोग किये जा रहे है । इसी प्रकार 26 जून को मतदाता जागरूकता के लिए निकाय के वाहनों में मतदाता जागरूक की जिंगल चला कर पूरे शहर का भ्रमण किया जाएगा । कार्यक्रम के दौरान संस्था संजीवनी के सदस्य रवि आंजना, विजय सिंह, मधुबाला पोरवाल, मनीष व्यास, आलोक नागर, नपा के सन्दीप चौहान रितेश मावर आदि उपस्थित थे।

### ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**गंजबासौदा।** शुक्रवार को लाल पठार निवासी बबलू उर्फ बब्लेश पिता हुकमचंद उम्र 44 वर्ष रेल के चपेट में आने से महागौर गेट और स्टेशन के बीच के हिस्से में टकराने से मौत हो गई पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### बिना पंजीयन और बीमा के दौड़ रहे हैं खटारा चार पहिया वाहन

**गंजबासौदा।** नगर में इस समय सैकड़ों वाहन ऐसे हैं जो फर्जी पंजीयन लिखे हुए हैं ऐसे वाहनों का बीमा तो कोसों दूर है वाहनों के फिटनेस की स्थिति भी जोखिम भरी है ब्रेक, लाइट सभी कुछ जर्जर हैं बिना पंजीयन के दौड़ते वाहनों में टेप रिकॉर्डर लगे रहते हैं जिससे प्रदूषण तो फैल ही रहा है दुर्घटनाएं भी डट कर हो रही हैं कोई रोक-टोक नहीं है।

# पहले चरण में सीहोर जनपद की 154 ग्राम पंचायतों में चुनाव आज, मतदान दल रवाना

सीहोर( निप्र )।

**त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का पहला चरण शनिवार को है। पहले चरण में मतदान सीहोर जनपद पंचायत के 154 ग्रामों में संपन्न होगा। जहां जनपद के करीब 1 लाख 18 हजार 713 पुरुष और 1 लाख 10 हजार 535 महिला व 7 अन्य मतदाता मतदान करें।**

शनिवार को सुबह 7 बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा। मतदान बैलेट पेपर से होगा। 154 ग्राम पंचायतों के मतदाता सरपंच, पंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य के भाग्य को तय करेंगे।

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तहत जिले में पंचायत चुनाव तीन चरणों में सम्पन्न किए जाएंगे। प्रथम चरण में जनपद सीहोर, द्वितीय चरण में नसरुल्लागंज, इछावर व तृतीय चरण में आष्टा, बुदनी में चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। प्रथम चरण का चुनाव 25 जून को आयोजित होगा। पंचायतों के चुनाव बैलेट पेपर से होंगे। इसको लेकर चुनाव आयोग व जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है।

**2260 मतदान कर्मियों को किया तैनात:** प्रथम चरण में सीहोर जनपद की 154 ग्राम पंचायतों में चुनाव शनिवार को संपन्न होंगे। जहां 411 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन 411 मतदान केंद्रों के लिए 411 मतदान दल बनाए गए हैं, जिसमें 2260 मतदान कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। सीहोर जनपद में 1 लाख 18 हजार 713 पुरुष व 1 लाख 10 हजार 535 महिला व 7 अन्य मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। मतदान दलों को शुक्रवार को सुबह 6 बजे से ही मतदान सामग्री वितरित की गई। 24 जून को ही मतदान दल मतदान सामग्री लेकर मतदान केंद्रों पर पहुंच गए। मतदान कर्मियों को लाने ले-जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की गई है।



**कलेक्टर, एसपी ने की मतदान करने की अपील:** 25 जून को त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के पहले चरण के लिए पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य पद के लिए मतदान होगा। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रमोहन ठाकुर, एपसी मयंक अवस्थी, जिला पंचायत सीईओ हर्ष सिंह व अपर कलेक्टर गुंचा सनोबर ने सभी मतदाताओं से बिना किसी लालच के भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की है।

**प्रचार बंद होने से पहले झोंकी ताकत:** सीहोर जनपद के सभी 154 ग्राम पंचायतों के पंच, सरपंच और जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्यों ने चुनाव प्रचार बंद होने से पहले अपनी ताकत झौंक दी है। वहीं जिला पंचायत सदस्य के लिए वार्ड क्रमांक एक वरिष्ठ नेताओं के लिए प्रतिष्ठा बन गया है। जहां अपने-अपने उम्मीदवारों के लिए क्षेत्र के वरिष्ठ नेता विधायक सुदेश राय, पूर्व विधायक रमेश सक्सेना और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने भी क्षेत्र में अपने-अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

# नगर पालिका चुनाव में जनता परिवर्तन चाहती है :विधायक

नागदा(निप्र)।

**नगर पालिका चुनाव की रणनीति व चुनाव की रूपरेखा बनाने हेतू कांग्रेस प्रत्याशियों की एक मिटिंग बालेश्वरदयाल जायसवाल के मुख्य अतिथि व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।**

इस अवसर पर विधायक दिलीपसिंह गुर्जर ने कहा है कि हमारा उद्देश्य नगर में नये कार्य करने की है जिससे कि नगर का चंहुमुखी विकास हो सके क्षेत्र में रोजगार के साधन उपलब्ध हो सके। नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार से आम जनता व व्यापारी वर्ग को मुक्ती दिलाई जाएगी जो अनावश्यक ज्यादा टैक्स है जो नगर पालिका के अधिकार क्षेत्र में है उसे विधी वक्ताओं से राय लेकर नियमानुसार कम किया जाएगा। नगर पालिका के कर्मचारियो को स्थाई करने हेतू पहल की जाएगी, शहर में सुव्यवस्थित गौशाला के अलावा नगर पालिका कार्यालय के स्थान पर भव्य शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, कम्युनिटी हॉल व नगर पालिका कार्यालय बनाने का उद्देश्य है इस हेतू प्रदेश कांग्रेस सरकार में इसके निर्माण हेतू रूपरेखा बनाई गई थी। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बालेश्वरदयाल जायसवाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मैंने 18 साल नगर पालिका का अध्यक्ष रहा हुं और शिवराजसिंह चौहान तक मुझे हटाया नही जाता तो मैं 24 साल तक अध्यक्ष रहता मै जब पहली बार नगर पालिका अध्यक्ष बना था तो नागदा की स्थिति बहुत भयनाक थी और जिस भी वार्ड में से निकलते थे उसमें घुटने-घुटने तक किचड भरा रहता था मैंने अपने कार्यकाल में किसी भी पार्षद के साथ भेदभाव नहीं किया मैं जब अध्यक्ष था तब पुनमचन्द गेहलोत भी उसमें पार्षद थे और उनके वार्ड में भी घुटने-घुटने तक किचड रहता था मैंने उनके वार्ड में भी बिना भेदभाव के विकास कार्य किया। इस बार कांग्रेस को जिताकर 18 साल का मिथक तोडा जाए।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष राधे जायसवाल ने बताया कि इस मिटिंग में जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुबोध स्वामी, बार एसोशिशन के अध्यक्ष विजय वर्मा, जिला कांग्रेस महामंत्री रघुनाथसिंह बब्बु, चौधरी समाज के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजु चौधरी, मनोज राठी, प्रमोदसिंह चौहान, ओमप्रकाश राठौर, कमल शर्मा, कमलेश चावण्ड, अजय शर्मा, योगेश मीणा, सी.एल. वर्मा, संदीप चौधरी आदि ने सम्बोधित किया।

# बच्चों को एसडीओपी और थाना प्रभारी ने बांटे प्रमाण पत्र



रायसेन( निप्र )।

बच्चों को खेलों के प्रति बढ़ते उत्साह को देखते हुए उनको रायसेन एसडीओपी अदिती भावसार और कोतवाली प्रभारी आशीष सप्रे के द्वारा प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया।

ज्ञात हो कि ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर ताइक्वांडो खेल में प्रशिक्षण उपरान्त प्रमाण पत्र देते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। ज्ञात हो कि रायसेन पुलिस लाईन में दिनेश दिवाकर के द्वारा बच्चों को ताइक्वांडो का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता हैं और उक्त ताइक्वांडो के खिलाड़ियों के द्वारा अपनी खेल प्रतिभा का उदाहरण भी जिले से वाहर करके दिखा दिया। राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी और 15 अगस्त पर परेड ग्राउंड पर इन ताइक्वांडो के खिलाड़ियों के द्वारा अपना प्रर्दशन करते हुए बाजी मारने से पीछे नहीं रहते। ताइक्वांडो के बच्चों का उत्साह बर्धन करने के लिए एसडीओपी अदिती भावसार थाना प्रभारी आशीष सप्रे और बीरेन्द्र सेन के द्वारा प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया।

# 550 ग्राम नकली सोने के जेवर गिरवी रखकर 14 लाख 90 हजार रुपए ठगे

उज्जैन(निप्र)।

**बियाबानी चौराहे पर रहने वाले ब्रोकर के पास दोस्त की पहचान से युवक पहुंचा और दो बार में 550 ग्राम नकली सोने के जेवर गिरवी रखकर 14 लाख 90 हजार रुपये की धोखाधड़ी की। तीसरी बार वही युवक और गहने गिरवी रखने आया तो ब्रोकर ने उसे खाराकुआं पुलिस के हाथों गिरफ्तार करवा दिया। पुलिस ने मामले में 420 का केस दर्ज कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है जबकि सरगना अभी फरार है।**

राजेश पोरवाल पिता कैलाशचंद्र 46 वर्ष निवासी बियाबानी चौराहा की वीडी मार्केट में दुकान है और वह ब्रोकर का काम भी करता है। राजेश पोरवाल ने बताया कि 30 मई को उसके पास दोस्त मुकेश वडेला का फोन आया। उसने अरविंद नामक परिचित को सोने के आभूषण गिरवी रखकर रुपये उधार लेने की बात कही।

राजेश ने अरविंद को मिर्चीनाला पर रहने वाले दोस्त के घर बुलाया जहां अरविंद ने 136 ग्राम वजन की चार चूड़ी के अलावा एक हार, दो चौन, 4 अंगूठी, 3 पैंडल, एक जोड़ कान के टाप्स सोने के बताकर गिरवी रखे और 5 लाख 50 हजार रुपये उधार ले गया। इसके बाद 3 जून को अरविंद फिर अपने दोस्त के साथ राजेश के पास आया और सोने के आभूषण गिरवी रखकर और रुपये उधार ले गया। दोनों बार में अरविंद कुल 550 ग्राम नकली सोने के आभूषण गिरवी रखकर कुल 14 लाख 90 हजार रुपये उधार ले गया।

राजेश पोरवाल ने बताया कि इतने आभूषण गिरवी रखने के बाद शंका हुई तो सुनार के पास जाकर झेले, पैंडल और अंगूठी चौक कराई जिनमें 10 कैरेट, 7 कैरेट और 5 कैरेट सोना निकला बाकि आभूषण नकली थे। इसकी शिकायत खाराकुआं थाने में की। राजेश ने बताया कि अरविंद ने फोन पर संपर्क किया व और रकम गिरवी रखने की बात कही। उसे पहले घर बुलाया। आभूषण देखे फिर फ्रीगंज स्थित कॉम्प्लेक्स से रुपये देने के बहाने ले गया जहां खाराकुआं पुलिस ने घेराबंदी कर अरविंद पिता राधेश्याम गेहलोत निवासी नवाखेड़ा थाना नानाखेड़ा सहित उसके दोस्त राजा ठाकुर और राजेश को भी गिरफ्तार कर लिया। फरियादी राजेश के अनुसार अरविंद गेहलोत हर बार नए-नए आदमी को जेवर गिरवी रखने के लिए लाता था। यही शंका का प्रमुख आधार बना।

हमें तो 2-3 हजार रुपये मिलते थे, असली आरोपी कोई ओर है3पुलिस गिरफ्त में आये अरविंद ने पुलिस को बताया कि सोने के आभूषण प्रहलाद निवासी इंदिरा नगर द्वारा दिये गये थे। प्रहलाद स्वयं ब्याज का धंधा करता है। उसी ने राजेश पोरवाल के पास पहुंचाया। नकली आभूषण गिरवी रखकर रुपये उधार लाने को कहा जिसके बदले प्रहलाद 2-3 हजार रुपये देता था। अरविंद स्वयं पुराने वाहन खरीदने बेचने का काम करता है। पुलिस को अब प्रहलाद की तलाश है।

# चाणक्य स्कूल संचालक व शिक्षकों ने रोपे पौधे



**औबेदुल्लागंज।** नगर में सामाजिक कार्यकर्ता दीपक नागर द्वारा चलाए जा रहे 'एक परिवार-एक पौधा' अभियान के तहत शुक्रवार को महावीर कॉलोनी स्थित चाणक्य पाब्लिक स्कूल के संचालक सीएस सिंह ने पौधरोपण किया। सिंह के साथ स्कूल के शिक्षकगण रूपसिंह वामनिया, सचिन चंद्रवंशी, राहुल तामने शामिल हुए। सभी शिक्षकों ने एक बरगद का पौधा और फूल के पौधे रोपे। इस दौरान स्कूल संचालक सीएस सिंह ने कहा कि पौधरोपण मुहिम के अंतर्गत वह अपने स्कूल प्रांगण में भी छात्रों के साथ पौधरोपण करेंगे और नगर को हरा-भरा करने में अपना योगदान देंगे।

# रंगोली बनाकर बालिकाओं ने दिया मतदान का संदेश

सीहोर(निप्र)।

**पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन 2022 में जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए शहर के चाणक्यपुरी स्थित प्रियल वेल फेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।**

इस मौके पर फाउंडेशन के संचालक हिमांशु निगम ने बताया कि क्षेत्र में मतदान को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत शुक्रवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। अब शनिवार को मेहंदी प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत मनोज दीक्षित मामा, समाजसेवी पवन जैन, फाउंडेशन की कार्यकर्ता हर्षिता परमार, राहुल परमार आदि मौजूद थे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए फाउंडेशन की कार्यकर्ता हर्षिता परमार ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बालिकाओं ने रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को अनिवार्य एवं नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यहां पर मौजूद विद्यार्थियों और मतदाताओं को निर्भीक होकर बिना लालच अपने अपने मत का प्रयोग करें। मत के अधिकार से वंचित न होने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर श्री जैन ने कहा कि सभी पार्टियों के नेता अपने-अपने हक में प्रचार करने के लिए जुट गए हैं। मतदान के दौरान एक-एक वोट की कीमत होती है। इसलिए हम सभी को अपने मताधिकार का उपयोग कर ऐसे प्रतिनिधि को चुनना चाहिए, जो बिना किसी भेदभाव के क्षेत्र का विकास कराए। इसके लिए हमारा मतदान करना बहुत जरूरी हैं। गौरतलब है कि मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता के लिए रैली, नुक्कड़ नाटक, रंगोली, चित्रकला आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजनों का सिलसिला चल रहा है।

# विधायक ने वार्ड 23 में किया जनसंपर्क



गंजबासौदा( निप्र )।

विधायक श्रीमती लीना जैन ने वार्ड 23 से भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर के के तिवारी के समर्थन में पार्टी नेताओं के साथ पहुंच कर मतदाताओं से डोर टू डोर संपर्क किया इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ अधिवक्ता बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अरविंद तिवारी भाजपा नेता देवेंद्र वर्मा, प्रभात शर्मा ,चंद्रशेखर दुबे ,साहित्यकार जय नारायण मेहता, महिला मोर्चा भाजपा अध्यक्ष सुमन आचार्य ,डॉ निवेदिता तिवारी, भाजपा जिला मंत्री आरती श्रीवास्तव पूर्व पार्षद चंद्रकांति नामदेव, श्रीमती मीरा जैन के अलावा अन्य कार्यकर्ता साथ रहे ।

# ईपीएफओ पेंशनधारियों ने समस्यओं को लेकर क्षेत्रीय निदेशक से मिले

नागदा(निप्र)।



मध्यप्रदेश पेंशनर महासंघ के संरक्षक कैबिनेट मंत्री सुल्तान सिंह शेखावत के नेतृत्व में संपूर्ण मध्य प्रदेश के ईपीएफओ पेंशन धारियों के प्रतिनिधिमंडल की अजय मेहरा (क्षेत्रिय पीएफ निर्देशक मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़) के साथ भोपाल में बैठक की गई । बैठक में पेंशन और ईपीएफओ पेंशनरों की विभिन्न मांगों एवं समस्याओं के संबंध में चर्चाएं की गई ।

बैठक में क्षेत्रीय निदेशक को बताया गया कि विक्रम सीमेंट, लेंसेक्स व अन्य उद्योगों में कोरोना काल में जिन श्रमिकों की मौत हो गई उनके परिवार को कंपनसेशन अब तक नहीं मिला है उस पर शीघ्र कार्यवाही की जाए ।

क्षेत्रीय निदेशक ने पेंशनधारियो को यह आश्वासन दिया के जुलाई माह में उनके अकाउंट में पेंशन पहुंचा दी जाएगी तथा कोरोनाकाल में जिन श्रमिकों की मौत हुई उनके कंपनसेशन का शीघ्र निर्णय का आश्वासन भी दिया तथा चर्चा में क्षत्रिय निर्देशक ने यह भी कहा कि संभवत जुलाई 17 तक ईपीएफओ पेंशन का सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ भी जाएगा।

बैठक में संपूर्ण मध्यप्रदेश के हजारों ईपीएफओ पेंशनधारियों की पेंशन के साथ-साथ विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई जिस पर क्षेत्रीय निदेशक द्वारा सभी समस्याओं को शीघ्र हल करने हेतु आश्वासन दिया गया। महासंघ अध्यक्ष गिरधारीसिंह शेखावत एवं कोषाध्यक्ष जयभवानी सिंह जी निरवाण ने भारत कॉमर्स नागदा के श्रमिकों के यू एन आई नंबर के समस्याओं के बात रखी।

भारत का मध्य इंडस्ट्रीज बंद होने के कारण यू एन आई नंबर नहीं मिल पा रहे हैं इस पर क्षेत्रीय निदेशक ने शीघ्र इस समस्या को दूर करने का भी आश्वासन दिया। उपरोक्त जानकारी महासंघ महामंत्री गिरधारी लाल सोनी ने दी।

### पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ 28 जून को उज्जैन आएंगे

**उज्जैन।** नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस और भाजपा दोनों दल सक्रिय हो गए हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के बाद अब पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ 28 जून को उज्जैन आकर भगवान महाकाल का पूजन अर्चन करेंगे। महाकाल दर्शन के पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री नगर निगम चुनाव में कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी और वार्ड प्रत्याशियों के समर्थन में आम सभा को संबोधित भी करेंगे। नगरीय निकाय चुनाव की हलचल धीरे-धीरे तेज होती जा रही है। महापौर और पार्षद पद के प्रत्याशी घर-घर जाकर मतदाताओं से गुहार कर रहे हैं। 22 जून को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उज्जैन आकर भगवान महाकाल का पूजन कर चुनाव अभियान की शुरुआत की थी।

# योग बच्चों के समुचित विकास में चमत्कार से कम नहीं:डॉ.जैन

**विदिशा ( निप्र )।** बीमारियों और महामारियों तथा आज की गला काट प्रतिस्पर्धा के इस दौर में रिसर्च और अन्वेषणों के परिणाम अनुसार योग, ,प्राणायाम, व्यायाम के समावेश से बच्चों में मूलभूत सुधार पाया गया है जैसे शरीर स्वस्थ, स्फूर्त, लचीला, योग करने से बच्चों में जोड़ और माँसपेशियाँ स्वस्थ्य और मज़बूत तथा लचीली हो जाती है। साथ ही ह्रदय और फेफड़े स्वस्थ रहते है। भविष्य में ह्रदयरोग उच्चरक्तदाब, फेफड़ों की बीमारियों से सुरक्षा मिलती है।

जाने-माने शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ.एम.के.जैन के अनुसार योग से स्कूल, घर एवं सामाजिक परिवेश से उत्पन्न स्ट्रेस और तनाव कम करने में मदद मिलती है। योग से बच्चों में पढ़ाई, परीक्षा, खेलकूद, टीव्ही देखने, मोबाइल चलाने में संतुलन एवं समन्वय बनाने में सहायता मिलती है। योग से बच्चो में दिल, दिमाग़ और शरीर में सामंजस्य स्थापित होने से भावनात्मक रूप से सुदृढ़ता मिलती है। बच्चों को नियमित योग करते रहने से बीमारियों से लडने की प्रतिरोधक क्षमता विकसित होती है जो बीमारियों से बचाव करती है कोरोना तक से बचाव हो जाता है।